

# टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## 15 सदस्यीय टीम से शुभमन गिल हुए बाहर, ईशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी

**मुम्बई, 20 दिसंबर (वार्ता) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रस्तावित पांच मैचों की** टी-20 **अंतरराष्ट्रीय सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष** टी-20 **विश्वकप** 2026 **के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। इस घोषणा में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला फैसला शुभमन गिल को टीम से बाहर रखने का रहा। हाल ही में चोटिल हुए गिल को न केवल न्यूजीलैंड सीरीज, बल्कि** टी-20 **विश्वकप की टीम में भी जगह नहीं दी गई है।**

- बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड सीरीज और विश्व कप के लिए घोषित की टीम
- अक्षर पटेल बने उपकप्तान और बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजी आक्रमण

आज यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई अहम बैठक के बाद टीम का ऐलान किया गया। चयन समिति ने फॉर्म, फिटनेस और हालिया प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हुए टीम का चयन किया, जिसमें ईशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी को हरी झंडी दी गई। शुभमन गिल को बाहर किए जाने के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं—चोट और टी-20 प्रारूप में उनका हालिया प्रदर्शन। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल भारतीय टीम के उप-कप्तान थे, लेकिन चौथे मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान उन्हें चोट लग गई थी, जिसके चलते वह सीरीज पूरी नहीं कर पाए। इसके अलावा इस साल टी-20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा। गिल ने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा। इस दौरान उनके नाम कोई अर्धशतक या शतक दर्ज नहीं हो पाया, जिसने चयनकर्ताओं को कड़ा फैसला लेने पर मजबूर कर दिया।

वहीं दूसरी ओर घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले ईशान किशन की भारतीय टीम में जोरदार वापसी हुई है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए ईशान ने झारखंड को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाया। उन्होंने टूर्नामेंट की सिर्फ 10 पारियों में 57.32 की औसत से 517 रन बनाए, जबकि उनका स्ट्राइक रेट 197.32 रहा। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक और दो शतक लगाए, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में खेली गई 49 गेंदों पर 101 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। ईशान किशन के इस प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और उन्हें टी-20 विश्वकप टीम में जगह दी गई। वह संजू सैमसन के साथ टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे।




### भारतीय टीम इस प्रकार है—

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

### कीवियों से भिड़ंत

**मुंबई 20 दिसम्बर**, पुरुष टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट टीम जनवरी महीने में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ खेलेगी। इस सीरीज़ को वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की तैयारियों का अहम हिस्सा माना जा रहा है। चयनकर्ता और टीम प्रबंधन इस दौरे को सही टीम संयोजन और खिलाड़ियों की फॉर्म परखने के बड़े मौके के तौर पर देख रहे हैं। सीरीज़ में युवा खिलाड़ियों को मौका दिए जाने की पूरी संभावना है, ताकि टीम की बेंच स्ट्रेंथ को मज़बूत किया जा सके। वहीं सीनियर खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी कड़ी नज़र रहेगी, क्योंकि वर्ल्ड कप से पहले अनुभव और निरंतरता दोनों जरूरी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले हमेशा चुनौतीपूर्ण रहे हैं और ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को दबाव भरे हालात में खेलने का अहम अनुभव मिलेगा। टी20 फॉर्मेट में आक्रामक बल्लेबाज़ी, डेथ ओवर गेंदबाज़ी और फील्डिंग पर टीम इंडिया का विशेष फोकस रहेगा, जिससे वर्ल्ड कप की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके।




# कमिंस-लायन ने इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला

## हेड और कैरी की दमदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों ने पलटा मैच

**एडिलेड, 20 दिसंबर एडिलेड ओवल में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक मुकाबले पर लगभग पूरी तरह कब्जा जमा लिया है।**

- ऑस्ट्रेलिया जीत के करीब

ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी की शानदार बल्लेबाजी के बाद कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी स्पिनर नेथन लायन की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 207 रन पर छह विकेट तक सीमित कर दिया है। इंग्लैंड को अब मैच जीतने के लिए 228 रन की दरकार है, जबकि उसके पास केवल चार विकेट बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत 271 रन पर चार विकेट के स्कोर से की। ट्रैविस हेड ने एक बार फिर टेस्ट क्रिकेट में अपनी क्लास साबित करते हुए धैर्यपूर्ण लेकिन आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 219 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौके और दो छक्के लगाए और 170 रन बनाए। कैरी ने जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते हुए 128 गेंदों में छह चौकों की मदद से 72 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने निचले क्रम को जल्दी समेटने की कोशिश की और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 84.4 ओवर में 349 रन पर समाप्त हो गई। निचले क्रम में जोश इंग्लिस (10), पैट कमिंस (छह), नेथन लायन (शून्य) और स्कॉट बोलैंड (एक) रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद 435 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ऑली पोप भी सिर्फ 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटकों के बाद जो रूट और जैक क्रॉली ने पारी को संभालने की कोशिश की और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 रन की अहम साझेदारी हुई। हालांकि यह साझेदारी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी। 29वें ओवर में कप्तान पैट कमिंस ने जो रूट (39) को आउट कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इसके बाद नेथन लायन ने इंग्लैंड के मध्यक्रम को पूरी तरह झकझोर दिया। लायन ने हैरी ब्रूक (30) और कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) को पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ और मजबूत कर दी। इंग्लैंड का छठा विकेट 54वें ओवर में जैक क्रॉली के रूप में गिरा। उन्हें भी नेथन लायन ने आउट किया। क्रॉली ने 151 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 85 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला।

### एक नजर में



### धामी ने बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**देहरादून**. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब की ओर से आयोजित 10वीं अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। श्री धामी ने खुद बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साह ब?ाया। इस प्रतियोगिता में राज्य के 42 विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि शासकीय कार्यों की व्यस्तता के बीच कार्मिकों की तरफ से खेल गतिविधियों को अपनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन लाने के साथ-साथ तनाव को दूर करता है और शरीर को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि निरोगी रहना मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और खेल इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता भविष्य में भी अनवरत रूप से आगे बढ़ती रहेगी और कर्मचारियों-अधिकारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी।

### सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत

**सिडनी**. जॉश फिलिप के (96) और बाबर आजम (58) के अर्धशतकीय पारियों के बद जैक एडवर्ड्स के (पांच विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 47 रनों से हरा दिया है। यह सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत है। आज यहां खेले गये मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाबर आजम ने अपना पहला बीबीएल में अर्धशतक लगाया, और शानदार फॉर्म में चल रहे जॉश फिलिप के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे सिक्सर्स ने थंडर को हराकर जीत दर्ज की। बाबर ने 42 गेंदों में 58 रन बनाकर सिक्सर्स की पारी को संभाला और फिलिप के साथ दूसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की, जो आखिरी ओवर में 57 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हो गए। डैनियल ह्यूजेस ने 25 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी थंडर की पूरी टीम 19.1 ओवर में 151 के स्कोर पर ढेर हो गई। इसी के साथ सिक्सर्स ने मुकाबला 47 रनों से अपने नाम कर लिया।

### पाक टीम के सदस्य को एयरपोर्ट पर रोका

**नई दिल्ली**. पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी अंजुम सईद विवादों में घिर गए हैं. अंजुम सईद पाकिस्तान हॉकी टीम के मैनेजर भी हैं, उन्हें एक हवाई जहाज में धूम्रपान करते हुए पक?ा गया है. पिछले दिनों पाकिस्तान हॉकी टीम अर्जेंटीना में थी, जहां वो स्नद्ब॥ प्रो लीग के मैच खेलने के लिए रुकी हुई थी. वहां से वापसी के समय जिस हवाई जहाज में सफर कर रही थी, उसने रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) में रिफ्यूलिंग के लिए स्टॉप लिया था. बताया जा रहा है कि जब रियो डी जेनेरियो में हवाई जहाज में फ्यूल भरा जा रहा था, तब अंजुम सईद को धूम्रपान करते देखा गया. यह सुरक्षा नियमों का सीधा उल्लंघन है. उसके बाद टीम की फ्लाइट रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) से दुबई के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम मैनेजर अंजुम सईद और एक खिला?ी को दोबारा फ्लाइट में नहीं च?ने दिया गया. सईद पाकिस्तान हॉकी टीम के लिए डिफेंस और मिडफील्डर पोजीशन में खेला करते थे. इस घटना के बाद उन्हें अकेले पाकिस्तान वापस आना पड़ा.

### कैमरामैन से हार्दिक ने माफी मांगी

**अहमदाबाद**. भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच के दौरान उनके छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से माफी मांगी और उनका हालचाल पूछा। कल रात खेले गये इस मुकाबले में पांड्या की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच में जान डाल दी थी। उन्होंने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया। चोट इतनी तेज थी कि भारतीय डगआउट का ध्यान भी उस पर गया और असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट इस घटना पर साफ तौर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखे।

### अंडर-19 एशिया कप फाइनल आज

# भारत-पाकिस्तान के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**दुबई** 20 दिसम्बर. **अंडर-19 एशिया कप** 2025 **का फाइनल** (50 ओवर फॉर्मेट) **मैच भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा. करीब 3 महीने पहले मेंस की नेशनल टीम के बीच हुए एशिया कप में भी खिताबी भिड़ंत भारत और पकिस्तान के बीच हुई थी.**

अंडर-19 की बात करें तो आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारत ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को हराया था. पाकिस्तान बांग्लादेश को हराकर फाइनल में पहुंची है. भारतीय क्रिकेट टीम 8 बार अंडर-19 एशिया कप खिताब जीत चुकी है, टीम पिछले संस्करण (2024) में भी फाइनल तक पहुंची थी लेकिन खिताबी भिन्त में बांग्लादेश से हार गई थी. पाकिस्तान 2017 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची है. भारत और पाकिस्तान आखिरी बार 2014 अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में आमने सामने हुई थी, जिसमें भारत ने 40 रनों से मैच जीता था. भारतीय अंडर-19 टीम और पाकिस्तान अंडर-19 टीम के बीच फाइनल मैच रविवार, 21 दिसंबर को खेला जाएगा. ये मुकाबला दुबई के आईसीसी एकेडमी ग्राउंड पर खेला जाएगा.

### टीमें

**भारतीय अंडर-19 टीम**- आयुष म्हात्रे (कप्तान), राहुल कुमार, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, युवराज गोहिल, आरोन जॉर्ज, बी.के. किशोर, जगनाथन, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, अभिगयन अभिषेक (विकेटकीपर), हरवंश पंगालिया (विकेटकीपर), आदित्य रावत, दीपेश देवेन्द्रन, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, नमन पुष्पक, उद्धव मनीष मोहन.

**पाकिस्तान अंडर-19 टीम**- हसन बलोच, फरहान युसूफ (कप्तान), हुजैफा अहसान, समीर मिन्हास, उस्मान खान (विकेटकीपर), अब्दुल कादिर, अब्दुल सुभान, अहमद हुसैन, मोहम्मद हसन खान, उमर जैब, हमजा जहूर (विकेटकीपर), मोहम्मद शायन (विकेटकीपर), अली रजा, डैनियल अली खान, हसनैन डार, इब्तिसाम अजहर, मोहम्मद हुजैफा, मोहम्मद सायम, मोमिन कमर, निकाब शफीक



# केवम हॉज का शतक

- न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज तीसरा टेस्ट तीसरा दिन
- वेस्टइंडीज 6 विकेट पर 381 रन

**माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड)**, 20 दिसंबर केवम हॉज (नाबाद 109), ऐलेक ऐथनेज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) की जूझारू परियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को स्टंप्स के समय छह विकेट पर 381 रन बना लिये है। हालांकि वह न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से अभी भी 194 रन पीछे है। आज यहां वेस्टइंडीज ने कल के 110 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड को पहली सफलता जेकब डफी ने जॉन कैंपबेल (45) को टॉम लेथम के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद 35वें ओवर में उन्होंने ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद केवम हॉज और टेविन इमलाक के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 56वें ओवर में माइकल रे ने टेविन इमलाक (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 381 रन बना लिये थे और केवम हॉज (नाबाद 109) और एंडरसन फिलीप (नाबाद 12) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी और एजाज पटेल ने दो-दो विकेट लिये। माइकल रे और डैरिल मिचेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

# मुम्बई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित शर्मा

### विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट



**मुम्बई 20 दिसंबर भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे।**

- शार्दुल ठाकुर करेंगे कप्तानी

टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंकार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है। टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे।

### भारतीय महिला टीम और श्रीलंका के बीच आज से टी-20 सीरीज

**विशाखापत्तनम** 20 दिसंबर एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जायेंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी।

### तिलक 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' से सम्मानित



**अहमदाबाद** 20 दिसम्बर. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को उनकी निरंतरता, संयम और दबाव में शानदार प्रदर्शन के लिए 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया है। अलग-अलग मैच स्थितियों में जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने वाले तिलक ने इस सीरीज में न केवल रन बनाए, बल्कि टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकालने में भी अहम भूमिका निभाई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए एक ड्रेसिंग रूम बीटीएस वीडियो में तिलक वर्मा को यह सम्मान प्रदान किया गया। 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस ङ्क इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज- इंडिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20द्ब सीरीज 2025' शीर्षक वाले इस वीडियो में भारतीय टीम के ट्रेनिंग असिस्टेंट राघवेंद्र द्वगी ने तिलक को पदक सौंपा। यह सम्मान भारत द्वारा पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराकर सीरीज अपने नाम करने के बाद दिया गया। ड्रेसिंग रूम में आयोजित इस छोटे लेकिन भावुक समारोह के दौरान राघवेंद्र द्वगी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल होने के लिए धैर्य, आत्मविश्वास और मानसिक लचीलेपन के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा कि तिलक ने इस सीरीज में जिस तरह अलग-अलग परिस्थितियों में खुद को ढाला, वह युवा खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल है।



### एमएसई के लिए डिजिटल ऋण से त्वरित वित्तीय समाधान

**नवभारत, जबलपुर।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा का बॉब डिजी उद्यम प्लेटफ़ॉर्म सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को डिजिटल, कोलेटरल-मुक्त ऋण प्रदान कर रहा है। 10 लाख से 50 लाख रुपए तक के कार्यशील पूंजी ऋण 12 महीने तक कैश क्रेडिट और ओवरड्राफ्ट विकल्पों के साथ उपलब्ध हैं, जिससे एमएसई को औपचारिक वित्त तक आसान पहुँच मिली है। इंदौर की केआरएस एंटरप्राइज़ेज और जेएमके एंटरप्राइज़ेज ने इस प्लेटफ़ॉर्म से लाभ उठाया। केआरएस ने 50 लाख रुपये के ऋण से व्यवसाय का विस्तार किया और नए कॉर्पोरेट अवसरों का लाभ उठाया, जबकि जेएमके ने ओवरड्राफ्ट सुविधा के माध्यम से कैश फ्लो और दैनिक संचालन को सुचारू बनाया। डिजिटल-फर्स्ट प्रक्रिया ने आवेदन, अनुमोदन और ऋण वितरण को तेज़ और पारदर्शी बनाया, जिससे छोटे व्यवसायों के वित्तीय संचालन में सुधार और व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि हुई।


## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

### नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि गनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्टागार जनकपुर में उपलब्ध नये पुराना ईमारती काष्छ एवं नये पुराना जलाऊ काष्ट का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।

**डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर**
**नीलाम दिनांक - 30.12.2025**
**नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ**

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराना अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | (नग) | (घ.मी.) | (नग) | (घ.मी.) | (नग) | (घ.मी.) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 366 | 27.585 | 3693 | 41.491 |
| 2 | साल | 16.000 | 5 | 11850 | 1241.153 | 2007 | 51.484 |
| 3 | साजा | 2.000 | 0 | 217 | 25.333 | 54 | 1.308 |
| 4 | हल्दू, मुण्डी, बांसा | 0 | 0 | 13 | 1.016 | 0 | 0.000 |
| 5 | धावड़ा | 2.000 | 0 | 18 | 2.049 | 0 | 0.000 |
| 6 | सतकठा | 0 | 0 | 36 | 5.208 | 2 | 0.089 |
| | योगः- | 20 | 5 | 12500 | 1302.344 | 5756 | 94.372 |
| 7 | मिश्रित जलाऊ | 50 चट्टा नया | | 150 चट्टा पुराना | | | |
| | योगः- | 50 चट्टा नया | | 150 चट्टा पुराना | | | |

टीपः-
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।

252605597/5

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़, वनमण्डल मनेन्द्रगढ़**